भाकृअनुप - केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान
सिरसा रोड, हिसार-१२५ ००१ (हरियाणा)
ICAR-Central Institute for Research on Buffaloes
Sirsa Road, Hisar-125001 (Haryana)

डा. तीर्थ कुमार दत्ता
निदेशक
Dr. T K Datta
Director

सन्दर्भ सं. / Ref. No. :
दिनांक / Dated : 16.08.2024

सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अवसर पर निदेशक, केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान का संदेश

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार, सतर्कता जागरूकता सप्ताह हर वर्ष सरदार बल्लभाई पटेल के जन्म दिवस (31 अक्टूबर) के दौरान मनाया जाता है। आयोग ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष केन्द्रीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह एक अभियान के रूप में 16 अगस्त, 2024 से 15 नवम्बर, 2024 तक मनाया जाएगा।

सतर्कता जागरूकता अभियान का पालन सतर्कता निवारक के प्राथमिक उपायों में से एक है, जिसमें जागरूकता पैदा करने और पब्लिक गवर्नेंस में ईमानदारी बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों और हितधारकों की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने पर विशेष बल दिया जाता है। आयोग ने निर्णय लिया है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2024 निम्न मूल कथ्य पर दिनांक 28 अक्तूबर 2024 से 3 नवंबर 2024 तक मनाया जाएगा :

"सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि"

इस वर्ष आयोग ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 की प्रस्तावना के रूप में तीन महीने का अभियान (16 अगस्त, 2024 - 15 नवम्बर, 2024) शुरू किया है जिसमें पांच अलग अलग सतर्कता निवारक उपायों/गतिविधियों (i) क्षमता निर्माण कार्यक्रम; (ii) सुव्यविस्थत सुधार उपायों की पहचान और कार्यान्वयन; (iii) परिपत्रों/दिशानिर्देशों/मैनुअल को अद्यतन करना; (iv) 30.06.2024 से पहले प्राप्त शिकायतों का निपटान और (v) मजबूत डिजिटल उपस्थिति को फोकस वाले क्षेत्रों के रूप में अपनाने का सुझाव प्रस्तुत किया है।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश की अनुपालना में हम इस वर्ष राष्ट्र निर्माण के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति के प्रति छात्रों को जागरूक करने, सतर्कता जागरूकता की शपथ दिलाने, नैतिकता और सतर्कता पर कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर देंगें। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अवसर पर मैं चाहता हूं कि सभी कर्मचारी विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेकर, समय पर उचित कार्रवाई करते हुए संस्थान को धन के दुरूपयोग/धोखाधड़ी/भ्रष्टाचार से मुक्त रखने के लिए सतर्कता निवारक उपाय करें।

केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, हिसार व नाभा को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाने के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं देता हूं।

तीर्थ कुमार दत्ता
तीर्थ कुमार दत्ता
निदेशक